(ङ) माल के मालिकों को प्रतिकर के रूप में कितनी राशि दी जाती है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :(क) 1-1-65 से 30-10-67 तक की अवधि में कल्याण माल यार्ड में शंटिंग के दौरान 320 माल डिब्बे दुर्घटनाग्रस्त हुए ।

(ख) 1,91,661 रुपये ।

(ग) और (घ). कुछ दुर्घटनाएं असावधानी पूर्वक शंटिंग करने से हुईं। जहां कहीं कर्मचारियों को जिम्मेदार पाया जाता है उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाती है ।

(ङ) बुक किये गये माल को किसी स्टेशन विशेष पर शंटिंग के दौरान जो क्षति पहुंची उसके लिए मुआवजे की कितनी रकम दी गयी यह नहीं बताया जा सकता ।

दीवा-दहानू रेलवे लाइन

1924. **श्री बसन्त** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य तथा पश्चिमी रेलों के बीच दीवा-विरार रेलवे लाइन के सम्बन्ध में सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है ;

(ख) कितनी संस्थाओं ने यह प्रार्थना की है कि दीवा-विरार के बजाये दीवा-दहानू रेलवे लाइन बिछाने का काम आरम्भ किया जाये;

(ग) क्या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा खाद्य मंत्री ने भी इसी आशय की प्रार्थना की है;

(घ) यदि हां, तो क्या दीवा-दहानू रेलवे लाइन का सर्वेक्षण कार्य आरम्भ करने का विचार है ;और

(ङ) यदि हां, तो कब ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :(क) सर्वेक्षण का काम अभी हो रहा है ।

(ख) बहुत से व्यक्तियों और विभिन्न संगठनों से यह अभ्यावेदन मिले हैं कि मीरा रोड-दिवा या विरार-दिवा लाइनों की अपेक्षा दिवा-दहानू लाइन के निर्माण को तरजीह दी जाये ।

(ग) जी हां ।

(घ) और (ङ). यातायात की अदला-बदली में सुविधा हो इस दृष्टिकोण से मध्य और पश्चिम रेलों के बीच एक अतिरिक्त छोटा रेल सम्पर्क बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दिवा-दहानू रेलवे सम्पर्क उपयुक्त नहीं समझा जाता, अतः इसका सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव नहीं है ।

Reorganisation of National Coal Development Corporation

1925. SHRI D. C. SHARMA : Will the Minister of STEEL, MINES AND METALS be pleased to state :

(a) the progress made by the Committee appointed to enquire into the affairs of the National Coal Development Corporation; and

(b) when it is likely to submit its report ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL, MINES AND METALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) and (b). The Committee is still enquiring into the affairs of the National Coal Development Corporation and it is expected to report to Government by the end of January, 1968.

Trade with Portugal

1926. SHRI SHIVA CHANDRA JHA : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that India has still trade relations with Portugal;

(b) if so, the reasons therefor and the specific items of export to and import from Portugal and the amount of foreign exchange India is gaining thereby; and

(c) if not, when the trade relations with Portugal were cut off and for how long and for what reasons ?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Trade with Portugal was banned after the adoption by the United Nations General Assembly, at its 20th session of a resolution calling upon all member nations to boycott trade with Portugal. The ban has continued since then.